# गुड़ी पड़वा सांस्कृतिक परंपरा और नवचेतना का प्रतीकः डॉ. यादव

**राज्य ब्यूरो, नईदुनिया, भोपालः** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि गुड़ी पड़वा भारतीय सांस्कृतिक परंपरा, शुभता और नवचेतना का प्रतीक है, जो हमें नए संकल्प लेने और समृद्धि की दिशा में आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है।

उन्होंने कहा कि यह पर्व हमारी सांस्कृतिक जड़ों से जोड़ते हुए एकता, सद्भाव और सकारात्मक ऊर्जा का संदेश देता है। मुख्यमंत्री निवास में समग्र मराठी समाज द्वारा आयोजित कार्यक्रम में डॉ. यादव ने कहा कि चैत्र प्रतिपदा से नव संवत्सर का आरंभ होता है और यह तिथि ऐतिहासिक दृष्टि से भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि इसी दिन सम्राट विक्रमादित्य ने विक्रम संवत की शुरुआत की थी।


विक्रम संवत का ऐतिहासिक आरंभ, राज्यभर में विशेष आयोजन और अवकाश घोषित

इस अवसर पर मुख्यमंत्री का पारंपरिक ढोल-ताशों के साथ स्वागत किया गया और उन्हें पेशवाई टोपी, पटका तथा छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा भेंट कर सम्मानित किया गया। प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए मराठी समाज के प्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री को गुड़ी भेंट की। साथ ही मराठी साहित्य अकादमी की पत्रिका 'अथर्वनाद' का विमोचन भी किया गया। मुख्यमंत्री ने मराठी कला, साहित्य और संस्कृति के क्षेत्र में सक्रिय संस्थाओं के प्रतिनिधियों को सम्मानित किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि गुड़ी पड़वा उत्साह, उमंग और आनंद का पर्व है, इसलिए राज्य सरकार ने इस दिन अवकाश घोषित कर सभी जिलों में विशेष आयोजन की व्यवस्था की है। उन्होंने सम्राट विक्रमादित्य और लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर के योगदान का उल्लेख करते हुए कहा कि इन महान व्यक्तित्वों ने भारतीय संस्कृति को समृद्ध किया। डॉ. यादव ने यह भी घोषणा की कि सम्राट विक्रमादित्य के नाम पर 1 करोड़ 1 लाख रुपए का अंतर्राष्ट्रीय सम्मान शुरू किया गया है। यह पुरस्कार भारतीय संस्कृति, दर्शन और जनकल्याण के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वालों को प्रदान किया जाएगा।

# प्रधानमंत्री मोदी से मिले राज्यपाल

**राज्य ब्यूरो, नईदुनिया, भोपालः** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने प्रधानमंत्री के संसद भवन के कार्यालय में बुधवार को शिष्टाचार भेंट की। उन्होंने श्री मोदी का पुष्प-गुच्छ भेंट कर अभिनंदन किया। प्रधानमंत्री को स्मृति स्वरूप श्रीलंका से लाई हुई भगवान बुद्ध की प्रतिमा भेंट की। श्री मोदी को श्री पटेल ने भारतीय प्रतिनिधि मण्डल के साथ श्रीलंका से पवित्र बौद्ध अवशेषों को भारत वापस लाने की अपनी यात्रा के संबंध में जानकारी दी। प्रधानमंत्री को यात्रा के विवरण पर आधारित पुस्तक 'बुद्ध धरोहर की सांस्कृतिक यात्रा भारत से श्रीलंका' भेंट की। प्रधानमंत्री को उन्होंने राज्य की प्रगति से अवगत कराया तथा विकास के विभिन्न आयामों पर चर्चा की।



## वर्षा की हर बूंद के संचयन का संकल्प, जल गंगा अभियान का होगा विस्तार

**राज्य ब्यूरो, नईदुनिया, भोपालः** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 19 मार्च को गुड़ी पड़वा पर इंदौर के इस्कॉन मंदिर से तीसरे जल गंगा संवर्धन अभियान का शुभारंभ करेंगे।

यह राज्यस्तरीय कार्यक्रम होगा, जबकि प्रदेश के सभी जिलों, नगरीय निकायों और ग्राम पंचायतों में भी जल स्रोतों के पास अभियान की शुरुआत की जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्षा की हर बूंद का संचयन सुनिश्चित करने के लिए जनभागीदारी जरूरी है, जिससे यह अभियान जन-आंदोलन का रूप ले सके। साढ़े तीन माह तक चलने वाला यह महाअभियान 30 जून तक चलेगा और इसमें 18 विभाग मिलकर कार्य करेंगे। इस वर्ष 2500 करोड़ रुपये के जल संरक्षण और संवर्धन कार्य किए जाएंगे। अभियान के तहत नए तालाबों का निर्माण, पुराने जल स्रोतों का पुनर्जीवन, कुएं-बावड़ियों की मरम्मत, चेक डैम और स्टॉप डैम का संधारण तथा सूखी नदियों को पुनर्जीवित करने जैसे कार्य किए जाएंगे। भू-जल स्तर बढ़ाने के लिए संरचनाओं का निर्माण भी प्राथमिकता में रहेगा।

प्रत्येक जिले में प्रभारी मंत्री के नेतृत्व में अभियान चलाया जाएगा, जबकि कलेक्टर नोडल अधिकारी होंगे। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग को नोडल और नगरीय प्रशासन विभाग को सह-नोडल बनाया गया है। सरकार मनरेगा, अमृत 2.0, सांसद-विधायक निधि और सीएसआर फंड के माध्यम से संसाधन जुटाएगी।

## खास-खबरें

### मध्यप्रदेश में ड्रोन निर्माण के लिए आईजीआई वेंचर्स की पहल



**भोपालः** मुख्य सचिव अनुराग जैन से मंत्रालय में बुधवार को आईज़ीआई वेंचर्स प्राइवेट लिमिटेड के संस्थापक इशान हैडन ने भेंट की। बैठक में मध्यप्रदेश में ड्रोन इको-सिस्टम को सुदृढ़ करने, नई साझेदारियों को विकसित करने और इस क्षेत्र में तेजी से प्रगति पर विस्तार से चर्चा हुई। यह पहल 'मेक इन इंडिया' और आत्मनिर्भर भारत के विज़न को मजबूती देती है तथा राज्य में उच्च तकनीक, स्थानीय रोजगार सृजन और इंडस्ट्री इको-सिस्टम के विकास में मदद करेगी। आईजीआई वेंचर्स भारत में नैनो और माइक्रो श्रेणी के ड्रोन सेगमेंट में मध्यप्रदेश सरकार की ड्रोन नीति के तहत मैन्युफैक्चरिंग ऑपरेशंस शुरू कर रही है। यह राज्य में इस स्तर पर ड्रोन निर्माण करने वाली शुरुआती कंपनी होगी।

### राज्यपाल ने गुड़ी पड़वा और भारतीय नववर्ष पर दी हार्दिक बधाई

**भोपालः** राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने प्रदेश के समस्त नागरिकों को 'गुड़ी पड़वा' और 'भारतीय नव वर्ष' के पावन अवसर पर हार्दिक बधाई एवं आत्मीय शुभकामनाएँ दी हैं। उन्होंने प्रार्थना की है कि शक्ति की उपासना का यह पर्व सभी के जीवन में नई ऊर्जा, सकारात्मकता और उत्तम स्वास्थ्य का संचार करे। श्री पटेल ने अपने संदेश में भारतीय कालगणना के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा है कि चैत्र नवरात्रि के साथ प्रारंभ होने वाला हमारा नव वर्ष प्रकृति के नव-श्रृंगार, उमंग और भारत की गौरवशाली परंपरा का जीवंत प्रतीक है। यह पर्व हमारी सांस्कृतिक विरासत को सहेजने और उसे नई पीढ़ी तक पहुँचाने का अवसर है।

### मुख्यमंत्री ने इंदौर में अग्नि दुर्घटना में दिवंगत नागरिकों को दी श्रद्धांजलि

**भोपालः** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इंदौर में हुई अग्नि दुर्घटना में दिवंगत नागरिकों को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की। डॉ. यादव ने गहन शोक व्यक्त करते हुए कहा कि यह दुर्घटना अत्यंत पीड़ादायक है, हमारी संवेदनाएं सभी शोकाकुल परिजन के साथ हैं। मुख्यमंत्री ने बाबा महाकाल से दिवंगतों की आत्मा की शांति और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने के लिए प्रार्थना की है।

### सौजन्य भेंट



पूर्व गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा ने बुधवार को राजधानी प्रवास पर आए प्रख्यात कवि कुमार विश्वास से आत्मीय भेंट की। मुलाकात के दौरान साहित्य, संस्कृति और समसामयिक विषयों पर सार्थक चर्चा हुई।

### गेहूँ खरीदी में किसानों को नहीं होगी परेशानी

**भोपालः** किसान कल्याण तथा कृषि विकास मंत्री एदल सिंह कंषाना ने कहा है कि राज्य सरकार ने रबी विपणन वर्ष 2026-27 के लिए किसानों के हित में महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए समर्थन मूल्य पर गेहूँ खरीदी की तैयारियाँ पूर्ण कर ली हैं। प्रदेश में गेहूँ उपार्जन कार्य चरणबद्ध रूप से प्रारम्भ किया जाएगा। गेहूँ खरीदी में किसानों को बिल्कुल परेशानी नहीं होगी। श्री कंषाना ने कहा कि इंदौर, उज्जैन, भोपाल एवं नर्मदापुरम संभागों में गेहूँ खरीदी 1 अप्रैल 2026 से शुरू होगी, जबकि शेष संभागों में 7 अप्रैल से खरीदी प्रारम्भ की जाएगी। गेहूँ उपार्जन शासकीय कार्य दिवसों में प्रतिदिन सुबह 8 से रात 8 बजे तक किया जाएगा। राज्य सरकार ने किसानों को अतिरिक्त लाभ देने के उद्देश्य से गेहूँ खरीदी पर 40 रुपये प्रति क्विंटल बोनस देने का निर्णय लिया है। इसके साथ ही अब किसानों से गेहूँ की खरीदी 2625 रुपये प्रति क्विंटल की दर से की जाएगी।

# जनसेवा मित्रों को हटाना युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ः पटवारी

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** प्रदेश में जनसेवा मित्रों को हटाने के फैसले को लेकर सियासत तेज हो गई है। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने राज्य सरकार के इस निर्णय की कड़ी आलोचना करते हुए इसे हजारों युवाओं के भविष्य के साथ अन्याय बताया है।

श्री पटवारी ने बुधवार को बयान जारी करते हुए कहा कि मध्यप्र देश में करीब 9390 जनसेवा मित्र वर्षों से प्रशिक्षित होकर जमीनी स्तर पर जनता और सरकार के बीच सेतु का काम कर रहे थे। इन युवाओं को अचानक हटाना न केवल दुर्भाग्यपूर्ण है, बल्कि सरकार की संवेदनहीनता को भी दर्शाता है।

उन्होंने आरोप लगाया कि एक तरफ सरकार रोजगार देने के बड़े-बड़े दावे करती है, वहीं दूसरी ओर पहले से कार्यरत और अनुभवी युवाओं को हटाकर 'सीएम यंग इंटर्न' जैसी अस्थायी योजनाएं लागू कर रही है। इससे सरकार की नीयत और नीतियों पर सवाल खड़े होते हैं।



पीसीसी चीफ पटवारी के मुताबिक, युवाओं को स्थायी रोजगार, सम्मान और सुरक्षित भविष्य की जरूरत है, न कि अस्थायी योजनाओं और अनिश्चितता की। ऐसे फैसले न केवल युवाओं का भरोसा तोड़ते हैं, बल्कि सामाजिक और आर्थिक असंतोष को भी बढ़ावा देते हैं। उन्होंने प्रदेश सरकार से मांग की है कि इस फैसले पर तुरंत पुनर्विचार किया जाए और सभी जनसेवा मित्रों को बहाल कर उनके भविष्य को सुरक्षित किया जाए।

# छग मुख्यमंत्री साय से उप मुख्यमंत्री शुक्ल की मुलाकात

**राज्य ब्यूरो, नईदुनिया, भोपालः** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से रायपुर स्थित उनके निवास में उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने सौजन्य मुलाकात की। श्री साय ने श्री शुक्ला का शॉल एवं प्रतीक चिन्ह भेंट कर आत्मीय स्वागत एवं अभिनंदन किया।

इस दौरान दोनों के मध्य क्षेत्रीय विकास, आपसी समन्वय एवं जनहित से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा हुई। श्री शुक्ल ने बताया कि अब रीवा-रायपुर से सीधे हवाई मार्ग से जुड़ गया है। मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ के साझा प्रयासों से दोनों राज्यों के लोगों को हवाई सेवा की बड़ी सौगात मिली है। श्री शुक्ल ने इस दिशा में मुख्यमंत्री श्री साय के प्रयासों के लिए आभार व्यक्त किया और आगे भी दोनों राज्यों के साझा हितों को आगे बढ़ाने की बात कही।



### डॉ. रमन सिंह से भेंट

उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने रायपुर प्रवास के दौरान विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह के निवास पर सौजन्य भेंट की। उन्होंने विभिन्न समसामयिक विषयों पर चर्चा की।

### रीवा-रायपुर हवाई सेवा से विकास को नई गति

श्री शुक्ल दो दिवसीय रायपुर प्रवास के दौरान विभिन्न धार्मिक और सामाजिक कार्यक्रमों में शामिल हुए। रायपुर आगमन पर उन्होंने वीआईपी रोड स्थित श्रीराम मंदिर में दर्शन कर प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। इसके बाद वे क्वींस क्लब में विंध्य समाज द्वारा आयोजित सम्मान समारोह में पहुंचे, जहां उनका भव्य स्वागत किया गया। श्री शुक्ल ने कहा कि रीवा और रायपुर के बीच शुरू हुई हवाई सेवा से क्षेत्रवासियों को बड़ी राहत मिली है। उन्होंने बताया कि किसी भी क्षेत्र के विकास के लिए सड़कों और रेल सेवाओं के साथ हवाई कनेक्टिविटी का बेहतर होना जरूरी है। उन्होंने रीवा से दुर्ग तक ट्रेन सेवा जल्द शुरू करने के लिए भी सकारात्मक प्रयास करने का आश्वासन दिया।

छत्तीसगढ़ के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा कि यह हवाई सेवा केवल दूरी ही नहीं, बल्कि दिलों को भी जोड़ने का कार्य करेगी। विधायक किरण सिंहदेव ने इसे महत्वपूर्ण पहल बताते हुए कहा कि इससे आवागमन आसान हो गया है। इससे छत्तीसगढ़ और मध्यप्रदेश के लोगों की यात्रा आसान होगी।

# एडीजी राजा बाबू के बंगले के बाहर हंगामा करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

## पूछताछ में बोले-गलत पते पर पहुंचने से हुआ विवाद, पुलिस कर रही जांच

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** पुलिस मुख्यालय की प्रशिक्षण शाखा के एडीजी राजा बाबू सिंह के बंगले के बाहर हंगामा करने वाले दो आरोपियों को शाहपुरा थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।





पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज और वाहन नंबर के आधार पर आरोपियों की पहचान कर उन्हें हिरासत में लिया। दोनों के खिलाफ मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

घटना 17 मार्च की सुबह की है, जब दो युवक कार से त्रिलंगा स्थित एडीजी के बंगले के बाहर पहुंचे। इनमें से एक युवक डंडा लेकर उतरा और वहां मौजूद कर्मचारियों के साथ गाली-गलौज करते हुए हंगामा करने लगा। पूरी घटना पास में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई, जिसका वीडियो भी सामने आया है। घटना के बाद एडीजी राजा बाबू सिंह ने पुलिस कमिश्नर और डीजीपी को पत्र लिखकर सुरक्षा की मांग की है और अपनी जान को खतरा होने की आशंका जताई है।

पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार आरोपियों की पहचान नितेश चौरसिया और रूद्राक्ष यादव के रूप में हुई है, जो भोपाल के ही निवासी हैं और निजी कार्य करते हैं। शुरुआती पूछताछ में दोनों ने बताया कि वे गलत पते पर पहुंच गए थे और इसी बात को लेकर उनके बीच विवाद हो गया, जो हंगामे में बदल गया। एडीजी हाल ही में पुलिस प्रशिक्षण केंद्रों में धार्मिक ग्रंथों के पाठ संबंधी निर्देशों को लेकर चर्चा में रहे हैं। पुलिस इस पहलू को भी ध्यान में रखते हुए मामले की जांच कर रही है कि कहीं किसी नाराजगी के चलते यह घटना तो नहीं हुई। दोनों आरोपियों के आपराधिक रिकॉर्ड की जांच जारी है।

# एसपीएस अधिकारियों को मिलेगा आईपीएस का दर्जा

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** मप्र के राज्य पुलिस सेवा (एसपीएस) अधिकारियों के लिए राहत भरी खबर है। केंद्र सरकार के गृह मंत्रालय ने राज्य से भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) में पदोन्नति के लिए 9 पदों को मंजूरी दे दी है। इसके बाद अब विभागीय पदोन्नति समिति (डीपीसी) की प्रक्रिया जल्द शुरू होने वाली है।

लंबे समय से एसपीएस अधिकारी आईपीएस में पदोन्नति का इंतजार कर रहे थे। स्वीकृति मिलने के बाद 1998 बैच के बाद के अधिकारियों को इसका लाभ मिल सकेगा। खास बात यह है कि 9 पदों के लिए करीब 27 अधिकारियों के नामों पर विचार किया जाएगा। डीपीसी की बैठक दिल्ली में आयोजित होगी, जिसमें राज्य के मुख्य सचिव, पुलिस महानिदेशक और केंद्र सरकार के वरिष्ठ अधिकारी शामिल होंगे। इस बैठक में अधिकारियों की सेवा रिकॉर्ड, वरिष्ठता और अन्य मानकों के आधार पर चयन किया जाएगा। बताया जा रहा है कि कुछ अधिकारी विभागीय जांच या अन्य कारणों से सूची से बाहर भी हो सकते हैं, इसलिए अंतिम निर्णय डीपीसी के बाद ही सामने आएगा।

**9 पदों को मंजूरी, 27 अधिकारियों के नामों पर होगी डीपीसी**

संभावित नामों में योगेश्वर शर्मा, विनय प्रकाश पॉल, गुरु प्रसाद पाराशर, पल्लवी त्रिवेदी, देवेंद्र प्रताप सिंह, आभा तिर्की, रश्मि पांडे शामिल हैं।

# खर्च में फिसड्डी, कर्ज में अव्वल सरकारः अजय

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** प्रदेश की वित्तीय स्थिति को लेकर पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह ने सरकार पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि सरकार बजट खर्च करने में नाकाम और कर्ज लेने में सबसे आगे है।

श्री सिंह ने बुधवार को अपने बयान में कहा कि, वित्त वर्ष खत्म होने में महज कुछ दिन शेष हैं, लेकिन मध्य प्रदेश सरकार अब तक करीब 33 प्रतिशत बजट खर्च नहीं कर पाई है। यह राशि लगभग 1.10 लाख करोड़ रुपये बताई जा रही है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि पूरे साल निष्क्रिय रहने के बाद अब सरकार आखिरी दिनों में जल्दबाजी में पैसा खर्च कर रही है, जो भ्रष्टाचार और फिजूलखर्ची की आशंका पैदा करता है।

उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य, लोक निर्माण, कृषि और नवकरणीय ऊर्जा जैसे महत्वपूर्ण विभागों में औसतन केवल 60 प्रतिशत बजट ही खर्च हो सका है। इसे उन्होंने सरकार की प्रशासनिक विफलता करार दिया।

श्री सिंह ने आरोप लगाया कि सरकार विकास के नाम पर लगातार कर्ज ले रही है, जबकि बजट का सही उपयोग नहीं कर पा रही। उनके अनुसार, बीते एक सप्ताह में ही करीब 9,900 करोड़ रुपये का नया कर्ज लिया गया है और कुल कर्ज का आंकड़ा 5.10 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो चुका है।

इससे आने वाले समय में आम नागरिकों पर भारी आर्थिक बोझ पड़ेगा। उन्होंने सरकार से मांग की कि प्रदेश की आर्थिक स्थिति पर श्वेत पत्र जारी कर जनता को बताया जाए कि आखिर उन्हें कर्ज के बोझ तले क्यों दबाया जा रहा है।

### स्वामित्व योजना में मप्र देश में दूसरे स्थान पर

**भोपालः** स्वामित्व योजना के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में संपत्ति कार्ड वितरण में मध्यप्रदेश ने उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करते हुए देश में दूसरा स्थान प्राप्त किया है। राज्य ने डिजिटल लैंड रिकॉर्ड तैयार करने और उन्हें ग्रामीणों तक पहुंचाने में गुजरात और महाराष्ट्र जैसे बड़े राज्यों को पीछे छोड़ दिया है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, प्रदेश के 43,014 गांवों को योजना के लिए अधिसूचित किया गया था और सभी गांवों में ड्रोन सर्वे का कार्य शत-प्रतिशत पूरा कर लिया गया है।

**स्पेशल खबर** हरदा में आयोजित हुआ राज्यस्तरीय किसान सम्मेलन...

# हर हाथ को काम, हर खेत को पानी हमारा संकल्प : मुख्यमंत्री

**राज्य ब्यूरो, नईदुनिया, भोपालः** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि राज्य सरकार का लक्ष्य 'हर हाथ को काम और हर खेत को पानी' उपलब्ध कराना है।

उन्होंने किसानों से अपील की कि वे नरवाई (पराली) न जलाएं और जैविक व प्राकृतिक खेती अपनाकर भूमि की उर्वरता बढ़ाएं। हरदा में आयोजित राज्यस्तरीय किसान सम्मेलन में मुख्यमंत्री ने जिले को 232 करोड़ रुपये के 41 विकास कार्यों की सौगात दी। इनमें 199 करोड़ रुपये के 36 कार्यों का लोकार्पण और 32 करोड़ रुपये के 5 कार्यों का भूमिपूजन शामिल है। साथ ही हरदा को तीन सांदीपनि विद्यालय भी प्रदान किए गए।



मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के हर विधानसभा क्षेत्र में कृषि यंत्रों की दुकानें (कस्टम हायरिंग सेंटर) खोली जाएंगी, जिससे छोटे किसानों को किराए पर आधुनिक उपकरण मिल सकें। उन्होंने 75 नवनियुक्त सहकारिता निरीक्षकों को नियुक्ति पत्र भी वितरित किए।

उन्होंने बताया कि किसानों की आय बढ़ाने के लिए खेती के साथ बागवानी, पशुपालन और मत्स्य पालन को बढ़ावा दिया जा रहा है। गेहूं खरीदी पर 40 रुपये बोनस के साथ 2625 रुपये प्रति क्विंटल का भुगतान किया जा रहा है और जल्द ही इसे 2700 रुपये तक बढ़ाने का लक्ष्य है। मुख्यमंत्री ने कहा कि नरवाई जलाने से मिट्टी की उर्वरक क्षमता घटती है, इसलिए इसके प्रबंधन के लिए आधुनिक तकनीकों और गौशालाओं में भूसा निर्माण को बढ़ावा दिया जा रहा है। साथ ही सिंचाई के विस्तार के लिए नदी जोड़ो अभियान चलाया जा रहा है, जिससे आने वाले वर्षों में सिंचित रकबा 100 लाख हेक्टेयर तक पहुंचाने का लक्ष्य है।

किसानों को ड्रिप सिंचाई किट, स्व-सहायता समूहों को सहायता राशि और अन्य हितलाभ भी वितरित किए गए। बड़ी संख्या में किसान सम्मेलन में उपस्थित रहे।

मेसर्स दैनिक नईदुनिया के लिए प्रकाशक अपूर्व तिवारी के द्वारा 2, इंदिरा प्रेस काम्पलेक्स, महाराणा प्रताप नगर, ज़ोन-1,भोपाल-462011 से प्रकाशित एवं मुद्रक डॉ. विश्वास तिवारी के द्वारा नईदुनिया प. प्रा.लि., 2, इंदिरा प्रेस काम्पलेक्स, महाराणा प्रताप नगर, ज़ोन-1, भोपाल-462011 से मुद्रित। प्रबंध संपादकः डॉ. सुरेन्द्र तिवारी एवं संपादकः अपूर्व तिवारी। *
फोन-0755-2550900-01, e-mail : naidunia@gmail.com (* समाचार पत्र से संबंधित सभी प्रकार के विवादों के लिए न्याय क्षेत्र सिर्फ भोपाल होगा।) आर.एन.आई. रजि. क्र. 47694/88, www.naiduniaonline.com